Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006
Participants : Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge

an>

Title: Need to implement Kasturba Gandhi Girls Residential School Scheme in Parbhani and Jalana districts of Maharashtra.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) :अध्यक्ष महोदय, देश में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय **विद्यालय** योजना लागू हो गई है और कई जगहों पर इसने काम करना भी शुरू कर दिया है। मेरे संसदीय क्षेत्र परभनी के दो जिलों परभनी एवं जालना में अभी तक कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की कोई स्थापना नहीं की गई है, जिसके कारण केन्द्र सरकार द्वारा चलाई इस योजना का लाभ मेरे संसदीय क्षेत्र को अभी तक नहीं मिला है। और न ही इसे किन किन स्थानों पर स्थापित किया जाना है उसकी भी आ तक मंजूरी नहीं मिली है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र परभनी के परभनी एवं जालना जिलों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना को तत्काल लागू किया जाये।